5 से 10 फीट तक सड़क पर बोर्ड, शहर में बढ़ता लॉलीपॉप अतिक्रमण बना सिरदर्द






बाजारों में लगे अवैध बोर्ड।

- फोटो - लक्की भट्टी-समर न्यूज़

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में जहां एक ओर नगर निगम की तहबजारी टीमें रोजाना रेहड़ी-फड़ी वालों पर कार्रवाई कर सुर्खियां बटोरती हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के बड़े बाजारों में दुकानदार खुलेआम सड़कों पर अवैध कब्जा किए बैठे हैं। दुकानों के बाहर लगाए जा रहे लॉलीपॉप टाइप साइनबोर्ड अब शहर के लिए एक नई और गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं।

दुकानदार ग्राहक आकर्षित करने के लिए 5 से 10 फीट तक सड़क की ओर निकले हुए साइन बोर्ड लगा रहे हैं। ये बोर्ड न केवल पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन चुके हैं, बल्कि ट्रैफिक की आवाजाही, पार्किंग व्यवस्था और नगर निगम की आय पर भी सीधा असर डाल रहे हैं।

कुछ दिन पहले इस संबंध में नगर निगम लुधियाना के कमिश्नर को लिखित शिकायत सौंपी गई। शिकायत में बताया गया है कि शहर के कई इलाकों में दुकानदार बिना अनुमति और शुल्क के ओवरसाइज साइन बोर्ड, रोड साइड स्टैंडी और डमी डिस्प्ले लगा रहे हैं। कई बोर्ड तो सड़क के बिल्कुल किनारे तक पहुंच चुके हैं, जिससे राहगीरों को चलने में भारी परेशानी हो रही है।

नियमों की खुलेआम अनदेखी

नगर निगम द्वारा साइन बोर्ड के आकार और स्थान को लेकर स्पष्ट नियम तय किए गए हैं, लेकिन दुकानदार इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। शिकायत में कहा गया है कि निगम की ढिलाई के चलते यह अवैध चलन तेजी से बढ़ रहा है। अवैध साइन बोर्डों के कारण नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। बड़ी संख्या में बोर्ड बिना किसी शुल्क और अनुमति के लगाए गए हैं, जिससे निगम की आमदनी पर सीधा असर पड़ रहा है।

बाजारों में सबसे ज्यादा समस्या

यह समस्या शहर के कई व्यस्त और प्रमुख बाजारों में गंभीर रूप ले चुकी है। इनमें चौड़ा बाजार, मॉडल टाउन व एक्सटेंशन, शास्त्री नगर, हीरो बेकरी चौक, धूरी लाइन मार्केट, दुगरी रोड, आत्म नगर, गिल चौक, पखोवाल रोड, फिरोजपुर रोड, मल्हार रोड, मॉल रोड सहित अन्य प्रमुख बाजार शामिल हैं। शिकायतकर्ता, जो खुद को कानून और आरटीआई एक्टिविस्ट बता रहे हैं, नगर निगम से तुरंत जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की तहबाजारी सुपरिंटेंडेंट, नगर निगम लुधियाना को भी भेजी गई है।

ब्लाइंड मर्डर का हुआ खुलासा तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

आरोपी पुलिस गिरफ्त में। -समर न्यूज़

लुधियाना स्टाफ व मेहरबान थाना पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान दस दिन पहले खाली प्लाट में मिली जली हुई लाश मामले का खुलासा करते हुए इस ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। मृतक की पहचान संजय सिंह (42) निवासी ग्यासपुरा के रूप में हुई है। वही मृतक अपने इलाके में रहने वाले मुन्ना कुमार बहन को परेशान करता था और उसने आरोपी राजेश कुमार से भी लोन के नाम पर धोखाधड़ी की थी। इसी कारण मुन्ना कुमार ने अपने दो साथी राजेश और मंगल की मदद से उसे मौत के घाट उतार दिया था।

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस जसकरण सिंह तेजा, एडीसीपी-4 जशनदीप सिंह गिल, एसीपी ईस्ट सुमित सूद ने बताया कि इंस्पेक्टर अवतार सिंह, इंचार्ज सीआईए स्टाफ लुधियाना और एसएचओ मेहरबान इंस्पेक्टर जगदीप सिंह गिल की टीम ने सूझबूझ से इस सनसनीखेज हत्या की गुत्थी सुलझाई है। मामले की शुरुआत 5 जनवरी 2026 को हुई, जब ग्यासपुरा निवासी पूनम ने अपने पति संजय सिंह (कार सेल्समैन) के लापता होने की रिपोर्ट थाना साहनेवाल में दर्ज कराई। इसी बीच मेहरबान थाना क्षेत्र में एक खाली प्लॉट से जली हुई, दो हिस्सों में कटी अज्ञात लाश बरामद हुई, जिसकी पहचान संभव नहीं हो सकी।

आरोपियों ने मृतक की पहचान छिपाने के लिए लाश को जला दिया, ताकि सबूत मिटाए जा सके। उस समय मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। लेकिन पुलिस जांच के बाद जब उसकी पहचान हुई तो पुलिस ने उसके कमरे से लेकर घटना स्थल तक सभी सीसीटीवी कैमरे चेक किए। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया। पुलिस ने दोनों मामलों की कड़ियों को जोड़ते हुए जांच आगे बढ़ाई और राजेश कुमार उर्फ सूरत लाल यादव, मुन्ना कुमार और मंगल सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पैसों के लेन-देन को लेकर रंजिश के चलते तीनों ने 3 जनवरी 2026 को संजय सिंह की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की और पहचान मिटाने के लिए शव को पेट्रोल डालकर जला दिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दो लोहे की रॉड और मृतक की मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने केस में आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।

अवैध रेत कारोबार से सरकारी राजस्व को लाखों का नुकसान

सतलुज किनारे धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, माइनिंग विभाग पर मिलीभगत के लगे आरोप

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

सतलुज दरिया से सटे गांव कुत्बेवाल गुजरा इलाके में अवैध रेत का कारोबार खुलेआम चल रहा है। आरोप है कि रेत की निकासी गांव कासाबाद क्षेत्र से की जा रही है, जिससे सरकार को हर दिन लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों और शिकायतकर्ता का कहना है कि यह पूरा खेल माइनिंग विभाग की कथित मिलीभगत से चल रहा है। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा रेत का निर्धारित रेट साढ़े सात रुपए प्रति स्क्वायर फीट है, लेकिन ठेकेदार उपभोक्ताओं से 13 रुपए प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से वसूली कर रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे कारोबार में सरकारी पर्ची नहीं लगाई जा रही। इसके बजाय ठेकेदारों द्वारा लाल रंग की कच्ची पर्ची थमाई जा रही है, जो पूरी तरह अवैध है।

बिना अनुमति चल रही पोकलेन मशीनें

शिकायतकर्ता के मुताबिक प्रशासन ने इस क्षेत्र में पोकलेन मशीनों के इस्तेमाल की कोई अनुमति नहीं दी है। यहां केवल जेसीबी मशीनों को ही मंजूरी है, इसके बावजूद मौके पर धड़ल्ले से पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे यह सवाल खड़ा हो रहा है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण के यह सब कैसे संभव हो पा रहा है। **माइनिंग विभाग पर गंभीर आरोप-** शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसने सभी सबूतों के साथ माइनिंग विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि माइनिंग अधिकारी खुद रेत माफिया से मिले हुए हैं, इसी कारण आरोपियों पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा।

स्थानीय लोगों में रोष

अवैध खनन से जहां सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है, वहीं नदी के पर्यावरण और आसपास के गांवों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

क्या कहना है एसडीओ का

खनन विभाग के एसडीओ शिफाली वीरक का कहा कहना है शिकायत हमारे पास पहुंच चुकी है जल्द करवाई करने का आश्वासन दिया है।



रात के अंधेरे में हो रही अवैध माइनिंग

साहिब दीपक कुमार | माछीवाड़ा
समर न्यूज़

गांव ईसापुर-दौलतपुर, मंड जोधेवाल के साथ बहता सतलुज दरिया से रात के अंधेरे में रेत की गैर-कानूनी माइनिंग बेखौफ चल रही है। ईसापुर-दौलतपुर के साथ बहते सतलुज दरिया का दौरा किया गया तो देखा कि रेत की माइनिंग करने वालों ने रात के समय ट्रॉलियां निकालने के लिए रास्ता बनाया हुआ है, जो सतलुज दरिया में बनी रेत की खड्ड में जा रही थीं। पिछले साल सतलुज दरिया में आई बाढ़ की वजह से भारी मात्रा में रेत जमा हो गई थी, जिसके लिए सरकार ने मेरा खेत मेरी रेत स्कीम के तहत किसानों को रेत उठाने की परमिशन दी थी, लेकिन इस परमिशन की आड़ में नवांशहर के तहत सतलुज दरिया से बड़े रेत ठेकेदारों द्वारा बड़े पैमाने पर रेत माइनिंग की गई, लेकिन 31 दिसंबर के बाद 'मेरा खेत मेरी रेत' स्कीम बंद होने की वजह से सतलुज दरिया में कोई भी सरकारी खड्ड नहीं चल रही है। सवाल यह उठता है कि जब कोई सरकारी रेत की खड्ड नहीं चल रही है, तो रात में यह गैर-कानूनी माइनिंग किसकी शह पर हो रही है। माछीवाड़ा थाना प्रभारी पवित्र सिंह का कहना है कि यह मामला उनके ध्यान में आया है। किसी को भी गैर-कानूनी माइनिंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। गैर-कानूनी माइनिंग में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बदलाव छात्रों के नेतृत्व में स्कूलों को जीरो-वेस्ट कैंपस बनाने की पहल

जीरो वेस्ट स्कूल प्रोग्राम का समापन

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। -समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना और ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद (सीईईडब्ल्यू) के संयुक्त तत्वावधान में शहर में चलाया गया 'जीरो वेस्ट स्कूल प्रोग्राम' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर शुक्रवार को पार्क प्लाजा में 'जीरो वेस्ट स्कूल प्रोग्राम कन्वीनिंग, क्लोजिंग द लूप फ्रॉम ऑडिट टू एक्शन' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाग लेने वाले स्कूलों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूलों ने अपने-अपने स्तर पर तैयार की गई कचरा प्रबंधन योजनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें स्कूलों में किए गए वेस्ट ऑडिट के आंकड़ों के आधार पर विकसित किया गया था। इन योजनाओं के माध्यम से कचरे की छंटाई, पुनर्चक्रण और जिम्मेदार निपटान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में लुधियाना शहर में कचरा प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए स्कूल समुदाय के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय की गई।

मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने कहा कि बच्चे समाज में बदलाव के सबसे बड़े वाहक होते हैं। जिम्मेदारी की भावना को अपनाना समय की जरूरत है। कचरा प्रबंधन हर नागरिक का कर्तव्य है। सीईईडब्ल्यू के प्रोग्राम एसोसिएट अरविंद कुमार ने कहा कि जीरो वेस्ट स्कूल प्रोग्राम ने यह साबित किया है कि छात्रों के नेतृत्व में चलने वाली पहलें शहर के कचरा प्रबंधन में स्थायी परिवर्तन ला सकती हैं।

NISD बैठक में सुखविंदर सिंह बिंद्रा की सहभागिता

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

मिनिस्ट्री ऑफ़ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट, भारत सरकार के तहत NISD की जनरल काउंसिल मीटिंग में सुखविंदर सिंह बिंद्रा ने सदस्य के रूप में भाग लिया। पंजाब से पहले सदस्य होने के नाते उनकी सहभागिता ने राज्य का गौरव बढ़ाया। मीटिंग के दौरान बिंद्रा ने केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी से पंजाब के लोगों को केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए यूथ एम्पावरमेंट और अवेयरनेस प्रोग्राम्स की अहम भूमिका को रेखांकित किया। बिंद्रा ने बताया कि उनके विभाग द्वारा पंजाब में नशामुक्ति को लेकर PAU लुधियाना (जनवरी 2025) और GNDU अमृतसर (नवंबर 2025) में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 50 हज़ार से अधिक युवाओं ने प्रत्यक्ष और लाखों ने ऑनलाइन भागीदारी की। भविष्य में भी ड्रग-फ्री पंजाब अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। उन्होंने महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की। इस अवसर पर वरिष्ठ IAS अधिकारी भी उपस्थित रहे। अंत में, बिंद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से हेरोइन और नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। सभी मामलों में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना बस्ती जोधेवाल के जांच अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूल काकोवाल के पास शक के आधार पर रामरतन पुत्र वीरू राम निवासी बाजीगर डेरा, फामरा रोड को रोका गया। तलाशी में उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना सलेम टाबरी पुलिस ने बाजीगर डेरा, भट्टियां कॉलोनी के पास पैदल जा रहे युवक आकाश पुत्र मुकेश राम को रोककर तलाशी ली। उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में विभागीय कार्रवाई जारी है। थाना दरेसी के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक के पास नाका लगाकर पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर मोहित कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी शिवपुरी को काबू किया। तलाशी में उसके पास से 20 अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां बरामद हुईं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और पता लगा रही है कि गोलियां वह कहां से लाया था।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 133